# दैनिक सामयिकी: २०.०४.२०२१

## 1. राष्ट्रीय जलवायु भेद्यता आकलन रिपोर्ट ने आठ पूर्वी राज्यों को अत्यधिक संवेदनशील माना




- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रोफेसर आशुतोष शर्मा द्वारा मौजूदा जलवायु जोखिम और प्रमुख चालकों के संबंध में भारत में सबसे कमजोर राज्यों और जिलों की पहचान करने वाली **'क्लाइमेट वल्नेराबिलिटी असेसमेंट फॉर एडाप्टेशन प्लानिंग इन इंडिया यूजिंग ए कॉमन फ्रेमवर्क'** शीर्षक वाली रिपोर्ट जारी की गई।
- राष्ट्रीय जलवायु भेद्यता आकलन रिपोर्ट ने **झारखंड, मिजोरम, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, असम, बिहार, अरुणाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल** की पहचान ऐसे राज्यों के रूप में की है, जो **जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से अत्यधिक संवेदनशील** हैं।
- सभी राज्यों में से, असम, बिहार और झारखंड में 60% से अधिक जिले अति संवेदनशील जिलों की श्रेणी में हैं।
- **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और स्विस एजेंसी फॉर डेवलपमेंट एंड कोऑपरेशन (SDC)** द्वारा संयुक्त रूप से समर्थित इस राष्ट्रव्यापी कवायद में 24 राज्यों और 2 केन्द्र-शासित प्रदेशों के कुल 94 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- **नोट: DST (विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग)** जलवायु परिवर्तन से संबंधी राष्ट्रीय कार्य योजना के एक अंग के तौर पर जलवायु परिवर्तन से जुड़े **2 राष्ट्रीय मिशनों** को लागू कर रहा है।
- ये मिशन हैं - **नेशनल मिशन फॉर सस्टेनिंग द हिमालयन इकोसिस्टम (NMSHE) और नेशनल मिशन फॉर स्ट्रैटेजिक नॉलेज फॉर क्लाइमेट चेंज (NMSKCC)**
- इन मिशनों के एक हिस्से के रूप में, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग 25 राज्यों और केन्द्र-शासित प्रदेशों के राज्य जलवायु परिवर्तन प्रकोष्ठों को सहयोग दे रहा है।

## 2. 'हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था-नई दिल्ली संवाद 2021'



- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत **द एनर्जी फोरम (TEF) और फेडरेशन ऑफ इंडियन पेट्रोलियम इंडस्ट्री (FIPI)** ने हाल ही अप्रैल, 2021 में हाइड्रोजन गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया है जिसका विषय है 'हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था - नई दिल्ली संवाद 2021'।
- केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और इस्पात मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था- नई दिल्ली संवाद को संबोधित किया।
- **इस गोलमेज सम्मेलन का उद्देश्य** विश्व के महाद्वीपों पर मौजूद हाइड्रोजन की वर्तमान पारिस्थितिकी की प्रगति को समझना और थिंक टैंक, सरकारों तथा उद्योग जगत के लिए एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है जहां सभी पक्ष एक साथ आ सकें और सस्ती तथा टिकाऊ प्रौद्योगिकी विकसित करने के अभियान से जुड़ सकें।
- **नोट:** भारत हाइड्रोजन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए अगले 5 से 7 वर्षों में 200 मिलियन डॉलर खर्च करेगा।
- भारत सरकार ने देश में हाइड्रोजन रोडमैप तैयार करने के लिए हाल ही में केंद्रीय बजट 2021 में **राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन** की घोषणा की है। **ब्लू हाइड्रोजन, हाइड्रोजन CNG (H-CNG) और ग्रीन हाइड्रोजन** की पायलट परियोजनाओं पर काम हो रहा हैं।

## 3. पर्यटन मंत्रालय ने आतिथ्य और पर्यटन उद्योगों को मज़बूत बनाने के लिए ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों के साथ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए




- पर्यटन मंत्रालय ने **ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों- क्लीयरट्रिप और ईज़ माई ट्रिप** के साथ एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए।
- इस समझौता पत्र का **प्राथमिक उद्देश्य** उन आवास इकाइयों को व्यापक दृश्यता उपलब्ध कराना है जो OTA प्लेटफार्म पर मौजूद **SAATHI एप (सिस्टम फॉर एसेसमेंट, अवेयरनेस एंड ट्रेनिंग फॉर दि हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री)** पर खुद को स्वप्रमाणित कर चुकी हैं।
- समझौता पत्र में दोनों पक्षों को इन इकाइयों को **NIDHI (नेशनल इंटीग्रेटेड डेटाबेस ऑफ़ हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री)** एप पर और उसके साथ ही **SAATHI** एप पर पंजीकृत कराने के लिए प्रोत्साहित करने तथा स्थानीय पर्यटन उद्योग को COVID-19 महामारी के प्रसार को रोकने के लिए समुचित सुरक्षा उपाय अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के संबंध में भी निर्देश हैं।

## 4. ओडिशा में धामरा नदी पर 110 करोड़ रुपये की रोपेक्स (ROPAX) जेटी परियोजना बनेगी




- पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने **सागरमाला पहल** के तहत **ओडिशा के भद्रक जिले के कनिनली और केंद्रपाड़ा जिले के तलचुआ** को जोड़ने की के लिये हर मौसम में काम करने वाले रोपेक्स (रोल-ऑन/रोल-ऑफ पैसेंजर) जेटी और उससे जुड़े बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए 50.30 करोड़ रुपये की मंजूरी को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।
- ओडिशा सरकार परियोजना की लागत का बाकी 50 प्रतिशत हिस्सा वहन करेगी।
- यह परियोजना, सड़क मार्ग के छह घंटे के सफर को जलमार्ग से कम कर एक घंटा कर देगी।
- भद्रक जिले में कनिनली और केंद्रपाड़ा जिले में तलचुआ, क्रमशः **धामरा नदी** के उत्तरी और दक्षिणी तट पर स्थित हैं।
- यह परियोजना धामरा नदी के आसपास रहने वाले लोगों को रोजगार के अप्रत्यक्ष अवसरों की सुविधा प्रदान करेगी और तलचुआ से धामरा तक सड़क की दूरी को 200 किलोमीटर कम कर देगी।

## 5. केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने "विश्व की पहली सस्ती और लंबे समय तक चलने वाली स्वच्छता उत्पाद ड्यूरोकिआ सीरीज" का लोकार्पण किया



- केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' **ने IIT हैदराबाद के शोधकर्ताओं द्वारा विकसित** "विश्व की पहली सस्ती और लंबे समय तक चलने वाली स्वच्छता उत्पाद ड्यूरोकिआ सीरीज" का लोकार्पण किया।

gradeup

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद के शोधकर्ता, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग में सहायक प्रोफेसर एवं iTIC में इफ्फो केयर इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड इनक्यूबेटिंग के संस्थापक डॉ. ज्योत्सनेंदु गिरी, IIT हैदराबाद ने COVID-19 विषाणु के प्रसार से निपटने को लेकर लंबे समय तक चलने वाली अभिनव उत्पाद ड्यूरोकिआ को विकसित किया है।
- यह अगली पीढ़ी की ड्यूरोकिआ सूक्ष्मजीव रोधी तकनीक 189 रुपये से शुरू होती है, 99.99 फीसदी कीटाणुओं को तत्काल मार देती है और अगले धोने की अवधि 35 दिनों तक लंबे समय तक चलने वाली सुरक्षात्मक नैनो स्केल कोटिंग के पीछे छोड़ देती है।

## 6. एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप 2021

- (अल्माटी, कजाकिस्तान: 13-18 अप्रैल, 2021)
- **भारत** सीनियर एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप 2021 के 34 वें संस्करण में पदक तालिका में **तीसरे स्थान** पर रहा।

| **स्थान** | **देश** | **पदक** |
|---|---|---|
| **1** | ईरान | 17 पदक (7 स्वर्ण, 5 रजत, 5 कांस्य) |
| | कजाकिस्तान | 17 पदक (7 स्वर्ण, 5 रजत, 5 कांस्य) |

gradeup

| | | |
|---|---|---|
| 3 | भारत | 14 पदक (5 स्वर्ण, 3 रजत, 6 कांस्य) |

## 7. सुरेश रैना की संस्मरण 'बिलीव' जल्द ही रिलीज़ होगी




- सुरेश रैना ने क्रिकेट लेखक भारत सुंदरसन के साथ अपने संस्मरण **'बिलीव: व्हाट लाइफ एंड क्रिकेट टॉट मी'** को लिखा है।
- पुस्तक **पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया** द्वारा प्रकाशित की जाएगी और 12 मई, 2021 को आने की उम्मीद है।
- इस पुस्तक में, सुरेश रैना एक युवा क्रिकेटर के रूप में अपने सामने आने वाली चुनौतियों को साझा करेंगे।
- **सुरेश रैना** भारत के सबसे सफल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटरों में से एक हैं। रैना 2011 में विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा थे।

## 8. ऑस्कर विजेता निर्माता गुनीत मोंगा ने दूसरे सर्वोच्च नागरिक फ्रांसीसी सम्मान प्राप्त किया



gradeup

- ऑस्कर विजेता निर्माता गुनीत मोंगा, जिन्हें "द लंचबॉक्स" और "मसान" जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है, उन्हें फ्रांसीसी विदेश मंत्री मंत्री ज्यां-यवेस ले ड्रिया द्वारा दूसरे सर्वोच्च नागरिक फ्रांसीसी सम्मान **'नाइट ऑफ द ऑर्डर ऑफ आर्ट्स एंड लेटर्स' 2021** से सम्मानित किया गया।
- मोंगा को उनके इंडो-फ्रेंच प्रोडक्शंस और महिलाओं के प्रति समर्पण के उनके अथक परिश्रम के माध्यम से विश्व सिनेमा में उनके योगदान के लिए पुरस्कार दिया गया।

## 9. मराठी फिल्म 'पगल्या' ने मॉस्को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2021 में बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फीचर का पुरस्कार जीता




- फिल्म का निर्देशन और निर्माण विनोद सैम पीटर ने अब्राहम फिल्म्स के बैनर के तहत किया है।
- पगल्या एक कहानी है जो एक पग और दो लड़कों, रुशब और दत्ता के इर्द-गिर्द घूमती है, जो लगभग 10 साल के हैं।

## 10. प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकार नरेंद्र कोहली का निधन



- हिंदी जगत के प्रख्यात लेखक और साहित्यकार नरेंद्र कोहली का निधन हो गया।
- ना भूतो ना भविष्यती उनकी सर्वश्रेष्ठ पुस्तक थी।
- उन्हें व्यास सम्मान (2012) और पद्म श्री (2017) से सम्मानित किया गया था।

gradeup

## 11. असम के पूर्व मुख्यमंत्री भूमिधर बर्मन का निधन



- कांग्रेस के वयोवृद्ध नेता श्री बर्मन दो बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे।
- मुख्यमंत्री के रूप में उनका पहला कार्यकाल 22 अप्रैल से 14 मई, 1996 तक रहा। 2010 में उन्हें फिर से मुख्यमंत्री बनाया गया।
- सात बार के विधायक पहली बार 1967 में असम विधानसभा के लिए चुने गए थे।

gradeup